जनसंपर्क विभाग, अमेरिकी दूतावास
आधिकारिक पाठ्य-सामग्री
शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाषः 011.24198000 एक्सटेंशनः 8827
फैक्सः 011. 24198817 वेबसाइटः http://newdelhi.usembassy.gov

27 जनवरी, 2009

गणतंत्र दिवस पर भारत को राष्ट्रपति ओबामा का संदेश

''हम लोकतंत्र... और धार्मिक सहिष्णुता में संयुक्त विश्वास का उत्सव मना रहे हैं''

व्हाइट हाउस
प्रेस सेक्रेटरी कार्यालय
25 जनवरी, 2009

राष्ट्रपति का वक्तव्य
भारत के गणतंत्र दिवस के अवसर पर संदेश

भारत के लोग और भारतीय मूल के अमेरिकी व दुनिया में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उत्सव मना रहे हैं इस अवसर पर मैं भारत के लोगों को अमेरिकी जनता की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हम लोकतंत्र, स्वतंत्रता, बहुलता और धार्मिक सहिष्णुता में अपने संयुक्त विश्वास का उत्सव मना रहे हैं।

दोनों देशों ने मानवीय प्रयासों के सभी क्षेत्रों में व्यापक और विविधतापूर्ण साझेदारी की है। हमारी भारत के साथ तेजी से बढ़ती और मजबूत होती मित्रता दुनिया के सभी देशों के नागरिकों के लिए लाभकारी है, जैसेकि हमारे वैज्ञानिक पर्यावरणीय चुनौतियों का मिलकर समाधान कर रहे हैं, हमारे डॉक्टर नई दवाओं की खोज कर रहे हैं, हमारे इंजीनियर हमारे समाज की उन्नति कर रहे हैं, हमारे उद्यमी समृद्धि पैदा कर रहे हैं, हमारे शिक्षक हमारी भावी पीढ़ियों के भविष्य की नींव रख रहे हैं, और हमारी सरकारें दुनिया में शांति, समृद्धि, स्थायित्व बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य कर रही हैं।

यह हमारे साझे मूल्य हैं जो दोनों देशों के लोगों और सरकारों के लिए मजबूत संबंधों का आधार बनते हैं। यह मूल्य और आदर्श हमें किसी भी चुनौती से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं, विशेष रूप से उन लोगों से जो हमारे स्वतंत्र और मुक्त समाज को हानि पहुंचाने के लिए हिंसा का प्रयोग करते हैं। भारतीय लोग गणतंत्र दिवस भारत भर में गणतंत्र दिवस का उत्सव मना रहे हैं, उन्हें अवगत होना चाहिए कि अमेरिकी लोग उनके सबसे अच्छे मित्र और साझेदार हैं। इसी भावना से मैं प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

***